a2zpapers.com

Exam. Code : 103203

Subject Code : 1111

B.A./B.Sc. 3rd Semester

HINDI ELECTIVE

(Madhyayugin Kavya, Itihas, Vyakaran and Kavayang)

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—100

सूचना :— प्रस्तुत प्रश्न-पत्र **तीन** खण्डों में विभक्त है। निर्देशानुसार ही उत्तर दें।

खण्ड—एक

सूचना :— इस खण्ड के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। 10×2=20

1. प्रतीक अलंकार के लक्षण बताइये।
2. उपमा अलंकार को परिभाषित करे।
3. विरोधाभास अलंकार को सोदाहरण स्पष्ट करे।
4. अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित दे।
5. यमक अलंकार के लक्षण बतायें।
6. स्वर को परिभाषित करे।
7. निम्नलिखित शब्दों के संधि-विच्छेद करे :
   (i) उच्चारण
   (ii) निश्चल
8. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदले :
   (i) बालक
   (ii) विद्वान

a2zpapers.com
www.a2zpapers.com
We provide GNDU question papers, PTU question papers, PU question papers

a2zpapers.com

a2zpapers.com

9. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलें :

(i) एक

(ii) नारी

10. संधि करें :

(i) रमा + ईश

(ii) दिक् + अम्बर

खण्ड—दो

सूचना :— यह खण्ड **दो** भागों में विभाजित है। निर्देशानुसार उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के **छः** अंक हैं। 8×6=48

भाग—एक

सूचना :— निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या करे।

1. कबीर सुमिरण सार है, और सकल जंजाल।
आदि अंति सब सोधिया, दूजा देखौ काल।।

2. माया तजी तौ का भया, मानि तजि नहीं जाइ।
मानि बड़े मुनिवर गिले, मानि सबनि कौं खाइ।।

3. सुणिऐ सतु संतोखु गिआनु। सुणिऐ अठसठि का इसनानु।
सुणिऐ पड़ि पड़ि पावहि मानु। सुणिऐ लागै सहजि धिआनु।
नानक भगता सदा विगासु। सुणिऐ दूख पाप का नासु।।

4. हमारे निर्धन के धन राम।
चोर न लेत, घटत नहिं कबहूँ, आवत गाढ़ैं काम।
जल नहिं बूड़त, अगिनि न दाहत, है ऐसौ हरि नाम।
बैकुँठनाम सकल सुख-दाता, सूरदास सुख-दाम।।

a2zpapers.com
www.a2zpapers.com
We provide GNDU question papers, PTU question papers, PU question pape
a2zpapers.com

a2zpapers.com

5. जौंपे मोंहि राम लागते मीठे।

तौ नवरस षटरस रस अनरस है जाते सब सीठे।।

वंचक विषय विविध तनु धरि अनुभए सुने अरु डीठे।

यहु जानत हूँ हृदय आपने सपने न अघाइ उबीठे।।

तुलसीदास प्रभु सों एकहि बल वचन कहत अति ढीठे।

नाम कि लाज राम करुनाकर केहि न दिये करि चीठे।।

6. देहु कलाली एक पियाला, ऐसा अवधू है मतवाला। टेक

अरे कलाली तैं क्या कीया, सिरका सा तैं प्याला दीआ।

कहै कलाली प्याला देऊँ, पीवन हारे का सिर लेऊँ।

सहज सून्य में माठी सखै, पीवै रैदास गुरुमुख दऊँ।।

भाग—दो

सूचना :— निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** का उत्तर देना अनिवार्य है। जिनमें से **एक** प्रश्न अलंकारों का करना अनिवार्य है।

1. जायसी का साहित्यिक परिचय दे।
2. गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर प्रकाश डालें।
3. आदिकालीन प्रवृत्तियों का उल्लेख करें।
4. तुलसीदास की भक्ति-भावना पर संक्षेप में चर्चा करें।
5. उपमा और रूपक अलंकारों में क्या भेद हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट करें।
6. अनुप्रास और यमक अलंकारों का विस्तारपूर्वक परिचय दें।
7. प्रतीक और विरोधाभास अलंकारों को परिभाषित करते हुए उदाहरण सहित स्पष्ट करें।
8. भक्तिकाल की परिस्थितियों का वर्णन करें।

a2zpapers.com
www.a2zpapers.com
We provide GNDU question papers, PTU question papers, PU question paper
a2zpapers.com

a2zpapers.com

खण्ड—तीन

सूचना :— निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दें।

2×16=32

1. कबीर का साहित्यिक परिचय दें।
2. सूरदास के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालें।
3. आदिकाल की पृष्ठभूमि पर चर्चा करें।
4. रासो काव्य की विशेषताओं का विस्तारपूर्वक उल्लेख करें।

a2zpapers.com

a2zpapers.com
www.a2zpapers.com
We provide GNDU question papers, PTU question papers, PU question pape